दिन– रविवार दिनांक– 03/08/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. चुनाव आयोग ने दो वोटर आईडी कार्ड रखने के मामले में राजद नेता तेजस्वी यादव से जवाब मांगा।

02. एनडीए ने कथित वोटर कार्ड को लेकर तेजस्वी यादव पर मुकदमा करने की मांग की। राजद और कांग्रेस ने मतदाता प्रारूप सूची में फर्जीवाड़े का आरोप लगाया।

03. राजधानी पटना सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज सुबह से हो रही बारिश से निचले इलाकों में भीषण जलजमाव। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आपदा प्रबंधन विभाग को अलर्ट मोड पर रहने का निर्देश दिया।

04. और, मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान सीतामढ़ी, दरभंगा, समस्तीपुर, सीवान और गोपालगंज सहित कई जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश की चेतावनी जारी की।

---

निर्वाचन आयोग ने कहा है कि विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने कल पटना मे संवाददाता सम्मेलन में जो मतदाता पहचान पत्र दिखाया था वह आधिकारिक नही है। आयोग ने श्री यादव को इसकी जाँच के लिए मतदाता कार्ड की प्रति उपलब्ध कराने को कहा है। दीघा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी ने इस संबंध में राजद नेता को एक पत्र भेजा है। ईआरओ गौरव कुमार ने अपने पत्र में कहा है कि तेजस्वी प्रसाद यादव का ईपीक संख्या **आरएबी शून्य चार पाँच छह दो दो आठ** है और उनका मतदान केन्द्र बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय स्थित पुस्तकालय भवन का केन्द्र संख्या दो सौ चार है। गौरतलब है कि श्री यादव ने कल संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया था की उनका नाम मतदाता सूची प्रारूप में शामिल नही किया गया है। इसके बाद पटना के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी डॉक्टर त्यागराजन ने इसका खंडन किया था।

---

तेजस्वी प्रसाद यादव अपने मतदाता पहचान पत्र ईपीक कार्ड को लेकर विवादों में घिर गए हैं। एनडीए के नेताओं ने आरोप लगाया है कि फर्जी वोटर कार्ड को लेकर

तेजस्वी यादव को जवाब देना चाहिए है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अजय आलोक ने चुनाव आयोग से संज्ञान लेने और तेजस्वी यादव पर दो मतदाता पहचान पत्र रखने को लेकर मुकदमा करने की मांग की।

———बाइट———

संवाददाता सम्मेलन में जदयू, हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा, लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास और राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रवक्ता भी उपस्थित थे।

---

जदयू के वरिष्ठ नेता और सांसद संजय कुमार झा ने तेजस्वी यादव पर बिहार और देश की जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया है। श्री झा ने पटना मे कहा कि मतदाता प्रारूप सूची में तेजस्वी यादव का नाम होते हुए भी उन्होंने आयोग पर झूठा आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यह चुनाव आयोग को बदनाम करने की साजिश है।

———बाइट———

वहीं, कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि तेजस्वी यादव के आरोपों को गंभीरता से लिया जाना चाहिए। श्री सिंह कहा कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के लिए मतदाता सूची प्रारूप में सभी कमियों को दूर करने की आवश्यकता है।

———बाइट———

इधर, राजद के प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी ने एसआईआर में फर्जीवाड़ा का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि जब नेता प्रतिपक्ष का ईपिक नंबर बदल सकता है तो आम मतदाताओं का क्या होगा।

———बाइट———

---

इधर, तेजस्वी यादव ने कहा है कि जिन मतदाताओं के नाम काटे गए है और मृत्यु हुई है। उनका ब्यौरा चुनाव आयोग को उपलब्ध कराना चाहिए।

–––बाइट–––

---

राज्य में मतदाता प्रारुप सूची के प्रकाशन के बाद लोगों से दावे आपत्तियों के आवेदन लिए जा रहे हैं। प्रखंड कार्यालय, नगर निकाय के कार्यालयों और अंचल कार्यालय में विशेष शिविर लगाकर आवेदन लिए जा रहे हैं। आयोग ने कहा है कि जिन पात्र मतदाताओं के नाम शामिल होने से छूट गए हैं वे एक सितम्बर तक आवेदन देकर अपना नाम जुड़वा सकते हैं। इधर, चुनाव आयोग ने कहा कि प्रारूप सूची के प्रकाशन के बाद से आज दिन के तीन बजे तक किसी भी राजनीतिक दल ने कोई आपत्ति दर्ज नहीं कराई है। आयोग के अनुसार अब तक नौ सौ इकतालीस पात्र मतदाताओं ने दावा आपत्ति के लिए आवेदन किया है। आयोग ने बताया है कि अठारह वर्ष पूरा कर चुके चार हजार तीन सौ चौहत्तर युवाओं ने मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने के लिए फॉर्म सिक्स जमा किया है।

---

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री डॉ अशोक राम आज जनता दल यूनाइटेड में शामिल हो गये। जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा और प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने उन्हें आज पटना में पार्टी मुख्यालय में आयोजित समारोह में पार्टी की सदस्यता दिलाई।

---

राज्य में मॉनसून की सक्रियता से पिछले कुछ दिनों से लगातार हो रही बारिश से गंगा, सोन, गंडक, बूढ़ी गंडक, बागमती, कमला–बलान और कोसी सहित अन्य नदियों के जलस्तर में वृद्धि हो रही है। केन्द्रीय जल आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पटना जिले के गाँधीघाट में गंगा नदी का जलस्तर खतरे के निशान से बयालीस सेंटीमीटर ऊपर दर्ज किया गया। वहीं, जिले के श्रीपालपुर में पुनपुन नदी का

जलस्तर खतरे के निशान से छत्तीस सेंटीमीटर ऊपर है। खगड़िया जिले में बूढ़ी गंडक नदी का जलस्तर आज सुबह खतरे के निशान से आठ सेंटीमीटर ऊपर था। इसके जलस्तर में कल सुबह छह बजे तक बत्तीस सेंटीमीटर की वृद्धि की संभावना है।

मधुबनी से हमारे संवाददाता ने बताया है कि कमला नदी के जलस्तर में वृद्धि को देखते हुए अधिकारियों को अलर्ट मोड पर रहने को कहा गया है।

———बाइट———

इधर, पश्चिम चंपारण में पानी के दबाव को देखते हुए प्रशासन ने लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने की सलाह दी है।

———बाइट———

वहीं, भागलपुर में गंगा नदी का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर गया है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि निचले इलाकों में पानी प्रवेश करने से लोगों की मुश्किलें बढ़ गईं हैं।

———बाइट———

बक्सर से हमारे संवाददाता ने बताया है कि कर्मनाशा नदी के जलस्तर में वृद्धि से बक्सर—मोहनिया उच्चमार्ग पर आवागमन बाधित हो गया है।

———बाइट———

बांका में लगातार हो रही बारिश से बौंसी और फुल्लीडुमर में कई बांध टूट गए हैं।

———बाइट———

इधर, खगड़िया से हमारे संवाददाता ने बताया है कि गंगा और उसकी सहायक नदियों के जलस्तर में वृद्धि से खेतों में लगी फसलें बर्बाद हो गई हैं।

———बाइट———

राजधानी पटना में भी आज सुबह से लगातार बारिश हो रही है। विभिन्न इलाकों में जलजमाव से लोगों को आवागमन में काफी परेशानी हो रही है। शहर के निचले इलाकों के कई घरों और संस्थानों में भी पानी प्रवेश कर गया है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार दानापुर में सबसे अधिक अठहत्तर दशमलव चार मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है।

---

मौसम विज्ञान केन्द्र पटना ने अगले चौबीस घंटों के दौरान सीतामढ़ी, दरभंगा, समस्तीपुर, सीवान और गोपालगंज सहित कई जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश की चेतावनी जारी की।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्य में बाढ़ की स्थिति को लेकर आपदा प्रबंधन विभाग के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने आज विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक में नदियों के बढ़ते जलस्तर को लेकर अलर्ट मोड में रहने को कहा है। इस अवसर पर आपदा प्रबंधन विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने बताया कि राज्य में पिछले चौबीस घंटों के दौरान दो सौ से अधिक प्रखंडों में पच्चीस मिलीमीटर या इससे अधिक बारिश दर्ज की गई है।

---

भाजपा के वरिष्ठ नेता और पटना साहिब के सांसद रविशंकर प्रसाद ने पटना में लगातार हो रही बारिश और जलजमाव के मद्देनजर नगर निगम के अधिकारियों के साथ बैठक की। श्री प्रसाद ने अधिकारियों को जलजमाव दूर करने, नालों की नियमित सफाई करने और प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्यों को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया है।

---

राजगीर में नौ से दस अगस्त तक आयोजित होने वाली एशिया अंडर ट्वेंटी रग्बी चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम घोषित कर दी गई है। इस टीम मे बिहार की चार महिला और दो पुरूष खिलाड़ियों का चयन किया गया है।

---

01. चुनाव आयोग ने दो वोटर आईडी कार्ड रखने के मामले में राजद नेता तेजस्वी यादव से जवाब मांगा।

02. एनडीए ने कथित वोटर कार्ड को लेकर तेजस्वी यादव पर मुकदमा करने की मांग की। राजद और कांग्रेस ने मतदाता प्रारूप सूची में फर्जीवाड़े का आरोप लगाया।

03. राजधानी पटना सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज सुबह से हो रही बारिश से निचले इलाकों में भीषण जलजमाव। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आपदा प्रबंधन विभाग को अलर्ट मोड पर रहने का निर्देश दिया।

04. और, मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान सीतामढ़ी, दरभंगा, समस्तीपुर, सीवान और गोपालगंज सहित कई जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश की चेतावनी जारी की।

---

समाप्त